प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. वन भूमि घोटाले मामले में इडी की बड़ी कार्रवाई, रांची और बोकारो में कई ठिकानों पर की छापेमारी, सरकारी कार्यालयों में भी की गयी जांच–पड़ताल।
2. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू की मौजूदगी में पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रांची में शुरु,वक्फ संशोधन कानून पर भाजपा की जागरण अभियान कार्यशाला जारी।
3. विश्व पृथ्वी दिवस पर आज देशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, केंद्रीय गृह मंत्री नई दिल्ली में पृथ्वी बचाओ सम्मेलन करेंगे उद्‌घाटन, झारखंड में भी जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन।
4. रांची से होकर चलेगी पोत्तनूर–बरौनी स्पेशल ट्रेन, 26 अप्रैल से शुरू होगा परिचालन।
5. रांची स्थित सीएम एक्सीलेंस स्कूल कांके के दो विद्यार्थियों का झारखंड की अंडर 14 फुटबॉल टीम में चयन, महाराष्ट्र में होने वाले स्कूल गेम्स में लेंगे हिस्सा।

******************

बोकारो वन भूमि घोटाले मामले में ईडी ने झारखंड की राजधानी रांची और बोकारो में कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। रांची के लालपुर, कांके और हटिया में राजवीर कंस्ट्रक्शन से जुड़े विमल अग्रवाल और पुनीत अग्रवाल के ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है। रांची के अलावा बोकारो में भी कई जगहों पर छापेमारी चल रही है। बोकारो वन प्रमंडल कार्यालय, निबंधन कार्यालय और चास अंचल कार्यालय में केन्द्रीय टीम जमीन से जुड़े कागजात खंगाल रही है। इसके अलावा बोकारो स्थित उमायुष मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड किशोर किस्कू, रैयत इजहार हुसैन और अख्तर हुसैन के ठिकानों पर भी इडी की टीम तलाशी ले रही है।

******************

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक रांची में शुरु हो गई हैं। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कर रहे हैं। बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी के. राजू के अलावा राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पार्टी विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। इस दौरान झारखंड में संविधान बचाओ अभियान को और प्रभावी बनाने पर चर्चा हो रही है। इसके अलावा दलित और आदिवासी समुदाय से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार–विमर्श हो रहा है।

******************

भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ संशोधन कानून को लेकर जागरण अभियान कार्यशाला शुरू हो गया है। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित हैं। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि यह कानून सबके हित में है खास करके अल्पसंख्यकों के हित में है।

******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने जमशेदपुर में जल्द ही पीपीपी मोड पर एक नये अस्पताल की स्थापना की घोषणा की है। औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में संविदा पर नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार संकल्पित है।

******************

कोडरमा के पूर्व सांसद तिलकधारी सिंह का आज गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के चतरो गांव में अंतिम संस्कार किया जा रहा है। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर पर भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र राय, गिरिडीह डीसी नमन प्रियेस लकड़ा और पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने पुष्प अर्पित किए। कल दोपहर बाद उनकी लंबी बीमारी के कारण 88 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।

******************

देवघर के विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी है। इसकी रुपरेखा तैयार की जा रही है।

*****************

घरेलू शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में मामूली बढ़त के साथ खुले। अब से कुछ देर पहले सेंसेक्स 300 अंक बढ़कर 79 हजार 709 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 84 अंक बढ़कर 24 हजार 210 पर पहुंच गया है।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार 390 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख दो हजार प्रति किलो है।

*****************

तमिलनाडु की पोत्तनूर–बरौनी स्पेशल ट्रेन अब रांची से होकर चलेगी। पोत्तनूर–बरौनी स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से शुरू होगी। 24 मई तक प्रत्येक शनिवार को ट्रेन पोत्तनूर से सुबह ग्यारह बजकर पचास मिनट पर प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह चार बजकर दस मिनट पर रांची पहुंचेगी वहीं प्रत्येक मंगलवार को ट्रेन रात के पौने बारह बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह ग्यारह बजकर पांच मिनट पर रांची पहुंचेगी।

*****************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें –

- बोकारो के लूगू पहाड़ पर मुठभेड़ में मारे गये एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी समेत आठ नक्सलियों के शवों का पोस्टमार्टम हो गया है। इन सभी नक्सलियों के शवों को देर रात भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चास स्थित अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चार सदस्यीय मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया।
- झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 289 पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को चाईबासा जिला बल में पदस्थापित किया है। इनमें 37 सब इंस्पेक्टर, 56 एएसआई, 43 हलवदार और 151 सिपाही शामिल हैं।
- राज्य के मंत्री हफ़ीजुल हसन के संविधान पर दिए गए विवादित बयान के बाद से ही भाजपा उनके खिलाफ हमलावर है। इस सिलसिले में सरायकेला–खरसांवा में पार्टी द्वारा आक्रोश रैली निकाली गयी।
- नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में अवैध बालू खनन और भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर एक बार फिर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिल्ली के राढु नदी पर बने एक पुल का हवाला देते हुए कहा कि यह पुल अब कभी भी गिर सकता है, क्योंकि वह बालू माफियाओं के निशाने पर है।

*****************

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। 1969 में यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद पहली बार 1970 में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है– ष्हमारी शक्ति, हमारा ग्रहष ।

इधर झारखंड में भी आज कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

*****************

मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में रांची समेत राज्य कई हिस्सों में उमस भरी गर्मी होने की संभावना व्यक्त की है। कई जिलों में हीट वेव चलने की भी आशंका व्यक्त की गयी है। मौसम विभाग ने कहा है कि यह स्थिति 26 अप्रैल तक बरकरार रह सकती है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*****************

रांची स्थित सीएम एक्सीलेंस स्कूल कांके के दो विद्यार्थियों ममता कुमारी और आलोक मुंडा का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया– एसजीएफआई के लिए झारखंड की अंडर 14 फुटबॉल टीम में चयन किया गया है। यह प्रतियोगिता 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक महाराष्ट्र के कोल्हापुर में खेला जाएगा।

**************